गो-भैंस वंशीय कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

12 अगस्त, 2021 को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के दुसरे चरण में उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिये मध्य प्रदेश को देश में सर्वाधिक 63 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है।

प्रमुख बिंदु

- देश के 14 राज्यों के लिये स्वीकृत राशि में से मध्य प्रदेश को सर्वाधिक राशि राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के द्वितीय चरण में 50 हज़ार गो-भैंस वंशीय मादा पशुओं में लक्ष्य के विरुद्ध 17 लाख 55 हज़ार कृत्रिम गर्भाधान के कारण मिली है।
- उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम का द्वितीय चरण 1 अगस्त, 2020 से 31 जुलाई, 2021 तक प्रदेश के सभी ज़िलों में संपन्न हुआ। इसमें 500 गाँवों में 50 हज़ार गो-भैंस वंशीय पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य था।
- इस कार्यक्रम में **राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम** **(NAIP-III)** का तृतीय चरण प्रदेश के सभी ज़िलों में 1 अगस्त, 2021 से प्रारंभ होकर 31 मई, 2022 तक चलेगा, जो गाँव कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय चरण में वंचित रहे गए थे, उन्हें तृतीय चरण में कवर किया जाएगा।
- योजना का प्रथम चरण 15 सितंबर, 2019 से 31 मई, 2020 तक और द्वितीय चरण 1 अगस्त, 2020 से 31 जुलाई, 2021 तक क्रियान्वित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 8 लाख 10 हज़ार और द्वितीय चरण में 17 लाख 55 हज़ार कृत्रिम गर्भाधान 31 जुलाई, 2021 तक संपन्न हुए।
- तृतीय चरण में प्रदेश के सभी ज़िलों में 17 लाख 24 हज़ार पशुओं में (51.70 लाख) कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/go-buffalo-fertile-artificial-insemination-program